*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# हिंदी विश्वविद्यालय का 18 वां स्थापना दिवस समारोह

## गांधी फिल्म महोत्सव से हुआ समारोह का प्रारंभ

वर्धा 28 दिसंबर, 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा का 18वां स्थापना दिवस समारोह



सोमवार को गांधी फिल्म समारोह से प्रारंभ हुआ है। हबीब तनवीर सभागार में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने फीता काटकर महोत्सव का उदघाटन किया। गांधी फिल्म समोरोह में गांधी के जीवन और दर्शन को लेकर छह



फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। फिल्म समारोह के संयोजक प्रो. सुरेश शर्मा ने बताया कि गांधी जी के जीवन

की साधारणता को दिखाने का प्रयास इस महोत्सव में किया गया। उदघाटन के बाद कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि गांधी के जीवन और दर्शन को फिल्मों के माध्यम से बेहतर तरीके से लोगों में पहुचांया जा सकता है। गांधी के जीवन में मनुष्यता का संदेश प्राप्त होता है और यह संदेश आज के जीवन में अति आवश्यक हो गया है। इस अवसर पर समारोह का संचालन प्रो. सुरेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. अनिल कुमार राय, डॉ. कृपा शंकर चौबे, प्रो. सूरज प्रसाद पालीवाल, डॉ. शोभा पालीवाल, प्रो. अरबिंद कुमार झा, डॉ. सतीश पावड़े, बी. एस. मिरगे, अमित विश्वास सहित अध्यापक, अधिकारी एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थी प्रमुखता से उपस्थित थे।



स्थापना दिवस का मुख्य समारोह 29 को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी सभामंडप में प्रातः 11.00 बजे होगा जिसमें राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रधानमंत्री प्रो. अनंतराम त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा सम्मान्य अतिथि के रूप में कथाकार श्रीमती चित्रा मुदगल एवं ओड़िया कथाकार प्रो. यशोधारा मिश्रा उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। इस समारोह में विश्वविद्यालय की ओर से अहिंदी भाषी लेखकों, साहित्यकारों, भाषाविदों को 'हिंदी सेवी सम्मान' से विभूषित किया जाएगा। इस वर्ष का हिंदी सेवी सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सूर्यनारायण रणसुभे, हिंदी की सुप्रसिद्ध कथाकार चित्रा मुदगल, ओडिया भाषा की साहित्यकार प्रो. यशोधारा मिश्रा, साहित्यकार जयराम गंगाधर फगरे और मराठी भाषी साहित्यकार डॉ. छाया पाटील को दिया जाएगा।



31 दिसंबर तक विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के पिछले 17 वर्षों के सफर को लेकर विभिन्न आयोजन शामिल हैं। विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर आधारित 'चेतना का दीप हिंदी विश्वविद्यालय' के शीर्षक एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ भवन में किया जा रहा है। 29 दिसंबर को गांधी-कलाम व्यंग्य चित्रकला प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। इसी दिन सायं गांधी प्रश्नोत्तरी एवं पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक कैंद्र, कोलकाता के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 30 दिसंबर को वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं मंथन का आयोजन होगा। सायं 6.00 बजे से दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक कैंद्र, नागपुर द्वारा प्रद्मश्री प्रह्लाद सिंह टिपानिया का कबीर गायन एवं शिक्षक, कर्मी तथा विद्यार्थियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 31 दिसंबर को समता भवन के प्रांगण में फूड फेस्टिवल का आयोजन दोपहर 3 से रात 10.00 बजे तक होगा। इसी दिन सांस्कृतिक संध्या में गायन, तबला वादन और पखावज वादन के कार्यक्रम के बाद डॉ. सतीश पावडे निर्देशित नाटक 'राज से स्वराज तक' का प्रदर्शन होगा। समारोह में महाविद्यालयों, शहर के गणमान्य नागरिकों तथा विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने की है।

## हिंदी विश्वविश्वविद्यालयाचा स्थापना दिवस समारोह
## गांधी फिल्म महोत्सवाच्या उदघाटनाने प्रारंभ

**यावर्षीचा हिंदी सेवी सन्मान डॉ. सूर्यनारायण रणसुभे, फगरे, डॉ. छाया पाटिल यांना**

वर्धा दि. 28 दिसंबर 2015: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धाचा 18वा स्थापना दिवस समारोह सोमवारपासून गांधी फिल्म समारोहाने प्रारंभ झाला. हबीब तनवीर सभागृहात कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी फीता कापून महोत्सवाचे उदघाटन केले. यावेळी गांधी जीवन आणि दर्शन यावर आधारित सहा चित्रपट दाखविण्यात आले. संयोजक प्रो. सुरेश शर्मा म्हणाले की गांधीजींचे

साधारण जीवन दाखविण्याचा प्रयत्न या फिल्म महोत्सवातून करण्यात आला. कुलगुरु प्रो. मिश्र म्हणाले की गांधीजींचे जीवन आणि कार्य चित्रपटांच्या माध्यमातून उत्कृष्ट प्रकारे लोकांपर्यंत पोहचविले जावू शकते. संचालन प्रो. सुरेश शर्मा यांनी केले. कार्यक्रमात प्रो. मनोज कुमार, प्रो. अनिल कुमार राय, डॉ. कृपा शंकर चौबे, प्रो. सूरज प्रसाद पालीवाल, डॉ. शोभा पालीवाल, प्रो. अरबिंद कुमार झा, डॉ. सतीश पावडे यांच्यासह अध्यापक, अधिकारी, विद्यार्थी प्रामुख्याने उपस्थित होते.

स्थापना दिवस समारंभाच्या निमित्ताने 31 डिसेंबर पर्यंत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमांसह हिंदी सेवी सम्मान, फूड फेस्टिवल, गांधी प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद स्पर्धा, मंथन, नाटक आणि फूड फेस्टिवर इत्यादी कार्यक्रमांचे आयोजन करण्यात आले आहे. स्थापना दिवसाचा मुख्य कार्यक्रम 29 रोजी सकाळी 11.00 वा. आयोजित आहे. कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्या अध्यक्षतेखाली आयोजित कार्यक्रमात विशिष्ट अतिथी म्हणून राष्ट्रभाषा प्रचार समितीचे प्रधानमंत्री प्रो. अनंतराम त्रिपाठी राहणार आहेत. यावेळी कथाकार श्रीमती चित्रा मुदगल आणि ओडिया कथाकार प्रो. यशोधारा मिश्रा यांची प्रमुख उपस्थिती राहील. या कार्यक्रमात हिंदी भाषेच्या विकासासाठी योगदान देणा-या साहित्यिकांचा ‘हिंदी सेवी सन्मान’ देवून गौरव करण्यात येईल. यावर्षी डॉ. सूर्यनारायण रणसुभे, फगरे आणि डॉ. छाया पाटिल यांना हा सन्मान देण्यात येणार आहे. 29 ला सायंकाळी पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता येथील कलाकारांचा सांस्कृतिक कार्यक्रम होईल. विश्वविद्यालयाच्या विकासावर आधारित ‘चेतना का दीप हिंदी विश्वविद्यालय’ ही भव्य चित्रप्रदर्शनी लावण्यात येणार आहे. याचदिवसी गांधी-कलाम व्यंग्य चित्रकला प्रदर्शन लावण्यात येईल. 30 तारखेला सकाळी 9.00 वा. वादविवाद स्पर्धा आणि सायंकाळी 6.00 पासून दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपूर प्रायोजित पद्मश्री प्रह्लाद टिपानिया यांचे कबीर गायन आणि शिक्षक, कर्मचारी आणि विद्यार्थ्यांच्या वतीने सांस्कृतिक कार्यक्रमाचे सादरीकरण करण्यात येईल. 31 रोजी समता भवन प्रांगणात फूड फेस्टिवलचे आयोजन दुपारी 3 पासून रात्री 10.00 पर्यंत करण्यात येणार आहे तर सायंकाळी 6.00 पासून गायन, तबला आणि पखावज वादनांसह राज से स्वराज तक हे डॉ. सतीश पावडे निर्देशित नाटक सादर करण्यात येणार आहे. कार्यक्रमांना उपस्थित राहून लाभ घेण्याचे आवाहन कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र यांनी केले आहे.